# कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
## शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम

सैलाना रोड़, ग्राम बंजली, रतलाम (म0प्र0)

ईमेलः- deanratlam@gmail.com वेबसाईट :- www.gmcratlam.org कार्यालय दूरभाश नंबर :- 07412-284226 पिनकोड :- 457001


**DONATE ORGAN – SAVE LIFE**

अंगदान करें – जीवन बचाएँ

क्रमांक /1785/स्था./जी.एम.सी./2021 रतलाम, दिनांक – 24/12/21

## –:: विज्ञप्ति सूचना पत्र ::–

**"स्वशासी समिति द्वारा उप रजिस्ट्रार, अस्पताल प्रबंधक, अस्पताल सहायक प्रबंधक एवं बायोमेडिकल इंजीनियर की निश्चित वेतन पर भर्ती हेतु विज्ञप्ति"**

संचालक, चिकित्सा शिक्षा म.प्र. के पत्र कमांक 579/स्था/अराज/2021 रतलाम दिनांक 15.06.2021 के द्वारा प्राप्त अनुसूचियो के आधार पर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम म.प्र. द्वारा गैर शैक्षणिक आदर्श सेवा नियम 2018 मे उल्लेखित गैर–शैक्षणिक संवर्ग के अंतर्गत शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम में अस्पताल प्रबंधन के लिए निम्नलिखित रिक्त पदों पर अभ्यार्थियों के आवेदन प्राप्त कर प्रत्येक संवर्ग के वैटेज अंको के आधार पर प्रवीण्य सूची एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से तैयार की जानी है। इस हेतु निर्धानित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

उक्त पदों पर आवेदन का प्रारूप एम.पी. ऑनलाईन की वेबसाइड www. Mponline .gov.in पर दिनांक 12-01-2022 से ऑनलाईन उपलब्ध रहेगा तथा आवेदन की अंतिम दिनांक 25-01-2022 समय रात्रि 12:00 बजे तक ऑनलाईन आवेदन किये जा सकेगे। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रतलाम हेतु निम्नांकित रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के आधार पर नियुक्ति हेतु पदनाम, पदों की संख्या, शैक्षणिक योग्यता व अन्य योग्यता आगे वर्णित है। इच्छुक उम्मीदवार से संलग्न निर्धारित प्रपत्र मे आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

1. रिक्त पदो का विवरण निम्नानुसार है:–

| स.क्र. | पद का नाम | पदो की संख्या | एक मुश्त वेतन राशि/प्रतिमाह | न्यूनतम आयुसीमा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उपरजिस्ट्रार | 01(अनारक्षित) | 60,000/– | 21वर्ष |
| 2 | अस्पताल प्रबंधक | 01(अनारक्षित) | 60,000/– | 21वर्ष |
| 3 | अस्पताल सहायक प्रबंधक | 01(अनारक्षित) | 40,000/– | 21वर्ष |
| 4 | बॉयोमेडिकल इंजीनियर | 01(अनारक्षित) | 60,000/– | 21वर्ष |



Dean
Govt Medical College
Ratlam (M.P)

Scanned with CamScanner

2. शैक्षणिक योग्यता :–

| | |
|---|---|
| उपरजिस्ट्रार | 1. Master of Hospital Administration/Master of Hospital Management/M.B.A. H.R.<br>2. शासकीय / स्वशासी महाविद्यालय अथवा स्वशासी / निजी चिकित्सा महाविद्यालय में अकादमिक / प्रबंधकीय कार्य का 03 वर्ष का अनुभव |
| अस्पताल प्रबंधक | 1. Master of Hospital Administration/Master of Hospital Management<br>2. अस्पताल प्रबंधन के कार्यों में 03 वर्ष का अनुभव |
| अस्पताल सहायक प्रबंधक | 1. Master of Hospital Administration/Master of Hospital Management<br>2. अस्पताल प्रबंधन के कार्यों में 01 वर्ष का अनुभव |
| बॉयोमेडिकल इंजीनियर | 1. B.E.(in Biomedical Engineering)<br>2. 300 बिस्तरीय अस्पताल में 01 वर्ष का अनुभव |

3. वेतनमान एवं अन्य भत्ते :–

| पद का नाम | एक मुश्त वेतन राशि / प्रतिमाह |
|---|---|
| उपरजिस्ट्रार | 60,000 / – |
| अस्पताल प्रबंधक | 60,000 / – |
| अस्पताल सहायक प्रबंधक | 40,000 / – |
| बॉयोमेडिकल इंजीनियर | 60,000 / – |

नोटः– एक मुश्त मासिक वेतन के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रकार के भत्तो की पात्रता नहीं होगी।

4. आरक्षण :–

- पदों पर आरक्षण राज्य शासन के द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों के अनुसार होगा।
- जाति संबधी आरक्षण का लाभ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही दिया जावेगा।

5. आयु सीमा :–

1. अनारक्षित वर्ग हेतु – न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष
2. निःशक्तजन / महिलाओं (अनारक्षित / आरक्षित) आदि हेतु – न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष

**नोटः– आयु की गणना 01 जनवरी 2021 के आधार पर की जावेगी।**

Dean
Govt Medical College
Ratlam (M.P)



Scanned with CamScanner

6. सामान्य शर्तेः–

1. उम्मीदवार को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए।
2. शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम में पदों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है। एक उम्मीदवार एक पद के अलावा अन्य पदों पर भी आवेदन कर सकता है। यदि उम्मीदवार पद के लिये निर्धारित आहर्ता रखता है जिसके लिये उसे अलग से निर्धारित आवेदन शुल्क देना होगा।
3. ऐसे अभ्यर्थी जो शासकीय/अर्धशासकीय/सार्वजनिक उपकम में कार्यरत है एवं विज्ञापित पदों हेतु न्यूनतम अर्हता एवं आयु सीमा संबंधी सभी मापदंडों को पूर्ण करते हों। उन्हें दस्तावेज सत्यापन के दौरान वर्तमान नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अन्यथा उनकी उम्मीदवारी पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
4. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग (केवल गैर क्रीमीलेयर) तथा अनारक्षित (आर्थिक रुप से कमजोर संवर्ग) तो आरक्षण का लाभ लेना चाहते है, उन्हें म.प्र. शासन के वर्तमान प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रारुप में प्रमाण पत्र की एक प्रति दस्तावेज सत्यापन के दौरान जमा करनी होगी।
5. उम्मीदवारों को पूर्ण रुप से स्वस्थ होना अनिवार्य है एवं नियुक्ति के समय मेडीकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा।
6. अधिष्ठाता, चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम द्वारा किसी भी समय किसी भी स्तर पर आंशिक या पूर्ण रूप भर्ती प्रक्रिया को बिना किसी कारण रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इस संबंध में महाविद्यालय की कोई जवाबदारी नहीं होगीं।
7. शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम किसी भी समय किसी भी स्तर पर विज्ञप्ति को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षिन रखता है।
8. नियुक्ति संबंधी कोई भी विवाद माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर में मान्य होगा। चयन प्रकिया संबंधी किसी भी विवाद मे शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रतलाम द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
9. ऐसे आवेदक जिनको दिनांक 20.01.2001 तथा उसके बाद तृतीय बच्चे का जन्म हुआ है, चयन प्रक्रिया में भाग लेने के पात्र नहीं होगें।
10. वैवाहिक स्थिति – एक से अधिक विवाह किये गये उम्मीदवार पात्र नहीं होंगे। अगर प्रथम विवाह से विच्छेद न हुआ हो अथवा मृत्यु न हुई हो।
11. किसी भी पद हेतु आवेदन करने के पूर्व आवेदक विज्ञापन का गहन अध्ययन कर लेवें।
12. भर्ती प्रकिया पूर्ण होने के उपरांत किसी भी उम्मीदवार की दावेदारी पर विचार नहीं किया जायेगा।
13. **आरक्षण का लाभ लेने वाले उम्मीदवारों के लिये निम्नलिखित प्रमाण पत्र आवश्यक है।**
    - निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा म.प्र. का मूलनिवासी प्रमाण पत्र।
    - निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र तथा अतिरिक्त पिछडा वर्ग में गैर कीमीलेयर प्रमाण पत्र।

Dean
Govt Medical College
Ratlam (M.P)



Scanned with CamScanner

7. अनहर्ताएं :–

निम्नलिखित मामलों में उल्लंघन करने वाले आवेदकों का अभियोजन किया जा सकेगा और/या चयन के लिये उसकी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी और/या उसे या तो स्थायी रूप से या विशिष्ट अवधि के लिये विवर्जित कर दिया जाएगा।

- जिसने अपनी उम्मीदवारी के लिये भर्ती में किसी भी तरीके से समर्थन प्राप्त किया हो या इसके लिये प्रयास किया हो या प्रतिरूपण (impersonation) किया हो या कराया हो।
- कूटरचित दस्तावेज या ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत किये हों जिनमें फेरबदल किया गया हो या कराया गया हो।
- चयन के किसी भी स्तर पर भर्ती हेतु दिये गये किसी भी आवेदन/प्रपत्र/अनुप्रमाणन/दस्तावेज में असत्य जानकारी दी हो या सारभूत जानकारी छिपाई हो।
- भर्ती के लिये कोई अन्य अनियमित या अनुचित साधन अपनाया हो या
- साक्षात्कार में लगे कर्मचारियों/अधिकारियों को परेशान किया हो या धमकाया हो या शारीरिक क्षति पहुचाई हो या किसी तरीके से दुर्व्यवहार किया हो या
- म.प्र. सिविल सेवा (सेवा की समान शर्ते) नियम 1961 के नियम के अनुसार नियुक्ति के लिये वह उम्मीदवार अपात्र होगा जो निम्न मे से कोई हो :–

**अ.** पुरूष उम्मीदवार जिसकी एक से अधिक पत्नीयां जिवीत हो इसी प्रकार महिला उम्मीदवार जिसने किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसकी पहले से एक पत्नी जीवित हो ऐसे मामले में शासन ही अन्यथा निर्णय ले सकता है। अर्थात यदि शासन का इस बात से समाधान हो जाये कि ऐसे करने का पर्याप्त कारण है तो वह इस प्रतिबंध से छूट सकता है।

**ब.** जो शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ्य नही पाए गए।

**स.** जिसे महिलाओं के विरूद्व किसी अपराध का दोष सिद्व ठहराया गया हो।

**द.** जिसकी दो से अधिक संतान है जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हुआ है। परन्तु निरर्हित नहीं होगा। यदि एक संतान के जीवित रहते आगामी प्रसव में दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है।

**9. चयन प्रकिया :–**

विज्ञापित पदों हेतु अभ्यार्थियों के चयन के संबंध में अवगत किया जाता है कि अभ्यार्थियों द्वारा किये गये आवेदन तथा निर्धारित वेटेज के आधार पर कुल 100 अंको में से 80 अंको की प्रवीण्य सूची बनाई जायेगी जो की उनके द्वारा प्राप्त अंको के वेटेज अनुसार पदों को श्रेणी वार तैयार की जावेगी। उक्त अनुसार योग्य पाये जाने वाले उम्मीदवारो को साक्षात्कार पूर्व दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाया जावेगा एवं 20 अंको का साक्षात्कार हेतु प्रवेश दिया जावेगा।

- साक्षात्कार हेतु अभ्यार्थियो की संख्या एक पद पर 05 के अनुपात में होगी।
- प्रवीण्य सूची तैयार करते समय यदि दो या दो से अधिक उम्मीदवार समान अंक प्राप्त करने है तो उम्मीदवारो की जन्मतिथि पर विचार किया जावेगा अर्थात अधिक आयु के आवेदक को कम आयु के आवेदक के उपर रखा जावेगा। जन्मतिथि समान होने की स्थिति मे ऐसे उम्मीदवार को वरीयता दी जावेगी, जिन्होने आवेदन किये हुये पद हेतु निर्धारित आवश्यक न्यूनतम अहर्ता मे अधिक अंक प्राप्त कक्षा 12 वी मे अधिक अंक प्राप्त अभ्यार्थी को वरीयता दी जावेगी।



Dean
Govt Medical College,
Ratlam (M.P.)

Scanned with CamScanner

- दस्तावेज सत्यापन में त्रुटी पाये जाने पर उम्मीदवार को अयोग्य घोषित किया जा सकता है।
- दस्तावेज सत्यापन के समय शैक्षणिक एवं व्यवसायिक योग्यता संबंधी समस्त प्रमाण पत्रो की मूल प्रतियां प्रस्तुत करनी होगी।
- भर्ती प्रकिया पूर्ण होने के उपरांत किसी भी उम्मीदवार की दावेदारी पर विचार नहीं किया जावेगा।

10. **अस्पताल प्रबंधक, अस्पताल सहायक प्रबंधक एवं उपरजिस्ट्रार के पद पर प्रवीण्य सूची हेतु वैटेज अंक निम्नानुसार रहेगा।**

Hospital Administrator/Assistant Hospital Administrator/Sub Registrar

| UG Max. Marks=30 | PG (MHA/MHM) Marks = 40 | अनुभव अंक 10 | Interview | Total |
|---|---|---|---|---|
| प्राप्त अंको का 30% | प्राप्त अंको का 40% | **Max. Marks=10** | 20 Marks | 100 Marks |

नोटः– उपरोक्त पद हेतु शैक्षणिक योग्यता एवं कार्य अनुभव विज्ञापन में उल्लेखित मापदण्ड के आधार पर निम्नानुसार रहेगाः–

1) उप रजिस्ट्रार एवं अस्पताल प्रबंधक हेतु विज्ञापन में उल्लेखित अनुभव के अधिकतम 10 अंक रहेगें जिसमें न्युनतम 03 वर्ष हेतु 05 अंक तथा आगामी प्रत्येक 01 वर्ष हेतु 01–01 अंक रहेगें।

2) अस्पताल सहायक प्रबंधक हेतु विज्ञापन में उल्लेखित अनुभव के अधिकतम 10 अंक रहेगें जिसमें न्युनतम 01 वर्ष हेतु 05 अंक तथा आगामी प्रत्येक 01 वर्ष हेतु 01–01 अंक रहेगें।

चूंकि जिन अभ्यार्थियों को मास्टर ऑफ हॉस्पीटल एडमिनिस्ट्रेशन/मास्टर ऑफ हॉस्पीटल मैनेजमेंट में अंक नही दिये जाकर ग्रेडिंग दी गई है उस ग्रेडिंग को प्रतिशत से गणना की जाकर अंक दिये जावेगें।

**बॉयोमेडिकल इंजीनियर के पद पर प्रावीण्य सूची हेतु वैटेज अंक निम्नानुसार रहेगा :–**

| 12th | BE/B. Tech | अनुभव अंक 10 | Interview | Total |
|---|---|---|---|---|
| प्राप्त अंको का 30% | प्राप्त अंको का 40% | **Max. Marks=10** | 20 Marks | 100 Marks |

1) बायोमेडिकल इंजीनियर हेतु विज्ञापन में उल्लेखित अनुभव के अधिकतम 10 अंक रहेगें जिसमें न्युनतम 01 वर्ष हेतु 05 अंक तथा आगामी प्रत्येक 01 वर्ष हेतु 01–01 अंक रहेगें।

एम.पी. ऑनलाईन पर भरे गये फॉर्म का प्रिंट तथा अपलोड किये गये दस्तावेजो की छायाप्रति तथा मूल दस्तावेज सत्यापन समिति जो कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रतलाम द्वारा निर्धारित की जावेगी से सत्यापित कराना होगा तदोपरांत साक्षात्कार आयोजित किये जावेगें।

DEAN
Government Medical College
Ratlam (M.P.)



Scanned with CamScanner

10. आवेदन संबंधित समय तालिका :–

| कमांक | गतिविधि | तारीख |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि | 12-01-2022 |
| 2 | ऑनलाईन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 25-01-2022 |
| 3 | आवेदन मे त्रुटि सुधार हेतु प्रारंभ तिथि | |
| 4 | आवेदन मे त्रुटि सुधार हेतु अंतिम तिथि | |

उपरोक्त तिथियां शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम की आवश्यकता अनुसार परिवर्तित की जा सकती है यदि अभ्यार्थी द्वारा असत्य या गलत जानकारी ऑनलाईन आवेदन मे दी जाती है तो ऐसी स्थिति मे आवेदको की अभ्यार्थी निरस्त कर दी जावेगी ।

11. आवेदन शुल्कः–

**अस्पताल प्रबंधक / अस्पताल सहायक प्रबंधक / उपरजिस्ट्रार एवं बॉयोमेडिकल इंजीनियर के पद हेतु** – अनारक्षित / अन्य पिछडा वर्ग राशि रू.1000/–(एक हजार रूपये) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग (केवल गैरकिमीलेयर) तथा अनारक्षित (आर्थिक रूप से कमजोर संवर्ग) एवं निशक्तजन उम्मीदवारों के लिये राशि रू. 900/–(नो सौ रूपये) जिसमें एम.पी. ऑनलाईन का 170 + जी. एस. टी. पोर्टल शुल्क अतिरिक्त रहेगा।

12. आवेदन कैसे करे :–

- कृप्या आवेदन पत्र भरने से पहले सावधानीपूर्वक निर्देशों को पढ लेवें। आप निर्देश पुस्तिका प्रवेश परीक्षा लिंक से डाउनलोड कर सकते है।
- आवेदन पत्र एम.पी. आनलाईन www.mponline.govt.in की वेबसाईट पर उपलब्ध है।
- आवेदन के साथ दस्तावेजों की निम्नलिखित स्कैन की गई प्रतियॉ उम्मीदवार द्वारा अपलोड किया जाना अनिवार्य है।
  1. जन्मतिथि के समर्थन में हाई स्कूल परीक्षा मार्कशीट / सर्टिफिकेट / जन्म प्रमाण पत्र।
  2. आवेदित पद हेतु निर्धारित अर्हता के समर्थन में संबन्धित डिग्री / डिप्लोमा / फाईनल ईयर की मार्कशीट।
  3. मध्यप्रदेश में संबंधित कांउसिल से जीवित रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट।
  4. फोटो पहचान प्रमाण पत्र।
  5. उम्मीदवार का नवीन फोटो एवं हस्ताक्षर।
  6. 12 वीं कक्षा की अंकसूची।
  7. जाति प्रमाण पत्र।
  8. प्रत्येक दस्तावेज फोटो एवं सिग्नेचर सहित 200 के. बी आकार से अधिक ना हो।
- **ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी :–**

  आवेदनपत्र एम.पी. आनलाईन www.mponline.govt.in पर दिये गये लिंक पर उपलब्ध है। परीक्षा आवेदन फार्म ऑनलाईन मध्यप्रदेश के जिला, तहसील एवं ब्लॉक एवं कुछ ग्राम पंचायत स्तर पर स्थापित एम.पी. ऑनलाईन के अधिकृत कियोस्को के माध्यम से भरा जा सकता है। एम.पी. ऑनलाईन के अधिकृत कियोस्कों की सूची के लिये एम. पी. आनलाईन www.mponline.govt.in पर Authorised Kiosk list link देखे। आवेदक इंटरनेट कैफे के माध्यम से या घर बैठे स्वयं भी अपना ऑनलाइन फार्म भर सकते है।
- **इंटरनेट कैफे या स्वयं घर बैठे कम्प्यूटर द्वारा इंटरनेट के माध्यम से आवेदन फार्म भरने की विधिः–**

  आवेदक एम.पी. आनलाईन www.mponline.gov.in वेबसाईट के माध्यम से होम पेज में नागरिक सेवांए ऑप्शन पर क्लिक करें फिर ड्राप डाउन लिस्ट से आवेदन ऑप्शन पर क्लिक करने के पश्चात शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम के लोगो पर क्लिक कर एप्लिकेशन एंड सर्विसेज ऑप्शन में उपरोक्त पद हेतु ऑनलाईन आवेदन करने के लिये दी हुई लिंक पर क्लिक करें।



DEAN Government Medical College Ratlam (M.P.)

Scanned with CamScanner

- आवेदक ऑनलाइन फार्म भरने से पहले विज्ञप्ति को एम.पी.ऑनलाइन www.mponline.gov.in के माध्यम से शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम की वेबसाईट www.gmcratlam.org पर दिये गये लिंक से दी गई जानकारी और शर्तो को अच्छी तरह से पढ़ लेंवे इसके उपरांत ही ऑनलाईन आवेदन करने के लिये फार्म पर क्लिक करें। इसके उपरांत आवेदक को स्कीन पर ऑनलाइन फार्म दिखाई देगा। आवेदक को फार्म में मांगी गई समस्त जानकारियां सही–सही भरना अनिवार्य है। आवेदक को फार्म पृष्ठ पर नीचे की ओर एक बटन Browse दिखाई देगा। जिसमें आवेदक को अपना नवीन रंगीन फोटो हस्ताक्षर सहित अटैच करना है। इस बटन के नीचे आवेदक को फोटो हस्ताक्षर के साथ (प्रारुप हेतु इस लिंक पर क्लिक करें) दिखाई देगी Hyperlink को क्लिक करने पर हस्ताक्षर सहित फोटो के फारमेट का प्रिंट लेकर उचित स्थान पर फोटो चिपका कर उसके नीचे हस्ताक्षर करें। इसके उपरांत उक्त फारमेट को स्कैन कर .jpg 200 KB size or minimum) फारमेट में ही

  सेव करें। अब आवेदक Browse बटन पर क्लिक करे इसके उपरांत जिस डायरेक्टरी में आवेदक ने अपना फोटो हस्ताक्षर स्केन कर सेव किया है उस डायरेक्टरी से अपना फोटो–हस्ताक्षर सिलेक्ट कर अटैच करें।
- आवेदक ऑनलाईन फार्म को पूर्ण रुप से भरने के बाद उसे अच्छी तरह से पढ़ले और यह सुनिश्चित कर ले कि फार्म में जो भी जानकारी भरी गई है वह सही है। यदि फार्म में कोई गलत जानकारी भर दी गई है तो पुनः उसे ठीक कर ले इसके उपरांत Submit बटन दबायें। इससे आवेदक को एक आवेदन फार्म नंबर प्राप्त होगा। इसके उपरांत आवेदक परीक्षा शुल्क के भुगतान के लिये Proceed to payment बटन दबाएगा तो उसे परीक्षा शुल्क भुगतान हेतु दो ऑप्शन दिखाई देंगें।

  **अ. केडिट /डेबिटकार्ड ब. इंटरनेट बैंकिंग**

अ. **क्रेडिट/डेबिट कार्ड के माध्यम से परीक्षा शुल्क का भुगतानः–** आवेदक किसी भी इंटरनेट कैफे या घर बैठे भी स्वयं इंटरनेट के माध्यम से कम्प्यूटर द्वारा अपना फार्म भर सकता है। ऑनलाइन फार्म भरने के उपरांत परीक्षा शुल्क का भुगतान किसी भी बैंक के केडिट/डेबिट कार्ड के माध्यम से किया जा सकता है। आवेदक द्वारा फार्म भरने के उपरांत परीक्षा शुल्क का भुगतान करने के लिये Proceed To payment बटन दबाने पर कम्प्यूटर स्कीन पर संबंधित बैंक का पेमेन्ट गेटवे दिखाई देगा। इसमें केडिट/डेबिट कार्ड का विवरण भरने के उपरांत कन्फर्म बटन दबाकर परीक्षा शुल्क का भुगतान किया जा सकता है। आवेदक को परीक्षा शुल्क भुगतान की प्रकिया सफलतापूर्वक पूर्ण होने के बाद कम्प्यूटराईज्ड रसीद प्राप्त होगी जिस पर उसकी ट्रांसेक्शन संबंधी जानकारी भी अंकित होगी। आवेदक इस रसीद को संभालकर रखे।

ब. **इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से परीक्षा शुल्क का भुगतानः–** आवेदक चाहे तो स्वयं घर बैठे इंटरनेट या इंटरनेट कैफे के माध्यम से कम्प्यूटर द्वारा अपना फार्म भर कर परीक्षा शुल्क का भुगतान इंटरनेट बैंकिग सुविधा से कर सकता है। इसके लिये आवेदक के पास नेट बैकिंग सुविधा होना अनिवार्य है। आवेदक ऑनलाइन फार्म भरने के उपरांत Proceed to payment बटन दबायेगा यहां पर उसे इंटरनेट बैंकिंग ऑप्शन दिखाई देगा। इसे क्लिक करने पर वह अपने बैंक द्वारा प्रदान यूजर आई.डी. पासवर्ड डालकर लाग–इन होगा। इस प्रकिया से आवेदक अपने बैंक एकाउन्ट से शुल्क का भुगतान कर सकता है। सफलतापूर्वक भुगतान प्रकिया पूर्ण होने के बाद आवेदक को स्कीन पर पावती नम्बर और आवेदक का विवरण दिखाई देगा। इसका प्रिन्ट अवश्य लें।



Dean
Govt Medical College
Ratlam (M.P)

Scanned with CamScanner

- **एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क के माध्यम से आवेदन फार्म भरने की विधि :–**
  आवेदक ऑनलाइन आवेदन फार्म भरने के लिये अपने नजदीकी एम.पी.ऑनलाईन के अधिकृत कियोस्क पर जावेगा। कियोस्क संचालक www.mponline.gov.in वेबसाईट ओपन कर अपना यूजर आईडी और पासवर्ड डालकर लॉग–इन टाईप में कियोस्क सिलेक्ट कर लॉग–इन करेगा। इसके उपरान्त सिटिजन सर्विसेज में जाकर एप्लीकेशन में सर्वप्रथम फार्म भरने संबंधी निर्देश और जानकारियॉ आवेदक को उपलब्ध करायेगा। आवेदक इन्हें सावधानीपूर्वक पढ़ लें ताकि मांगी समस्त जानकारियां फार्म में सही से भरी जा सकें। इसके उपरान्त आवेदक कियोस्क संचालक को अपनी समस्त जानकारी उपलब्ध कराकर फार्म भरवा लें एवं साथ में अपना नवीन रंगीन पासपोर्ट साइज का फोटो अवश्य ले जावें। कियोस्क आवेदक का फोटो हस्ताक्षर स्केन कर उचित स्थान पर अटैच करेगा। फार्म भरने के उपरांत आवेदक ऑनलाईन फार्म में भरी हुई समस्त जानकारियां सही–सही भरी होने के उपरान्त ही कियोस्क संचालक को Proceed to payment बटन दबाकर परीक्षा शुल्क का भुगतान करने को कहें। आवेदक कियोस्क संचालक को परीक्षा शुल्क नगद भुगतान करेगा। कियोस्क संचालक भुगतान प्रक्रिया पूर्ण होने पर कम्प्यूटराईज्ड रसीद आवेदक को प्रदान करेगा। इस रसीद में परीक्षा शुल्क की पूरी जानकारी अंकित रहेगी। साथ ही आवेदक से संबंधित पूर्ण जानकारी भी रसीद में अंकित होगी। आवेदक इस रसीद को ध्यानपूर्वक पढ़ ले तथा अपने पास संभाल कर रखें।

- जानकारी की शुद्धता एवं सत्यता का पूरा उत्तरदायित्व आवेदक को होगा। असत्य या गलत जानकारी ऑनलाईन आवेदन में देने पर संबंधित आवेदक की पात्रता निरस्त की जायेगी।
- यदि आवेदक के पास क्रेडिट/डेबिट कार्ड या नेट बैंकिंग सुविधा उपलब्ध नही है, तो भरे गये फार्म का कियोस्क के माध्यम से Pay for unpaid application लिंक द्वारा परीक्षा का शुल्क नगद भुगतान कर सकता है। परीक्षा शुल्क का भुगतान प्रत्येक आवेदक को करना अनिवार्य है।
- इसके लिये आवेदक को उपरोक्त बताये गए बिन्दु में दर्शायी गई विधि अनुसार फार्म भरने के उपरांत अपने नजदीक में स्थापित एम.पी.ऑनलाईन पर अधिकृत कियोस्क पर जाकर भरे गए फार्म का आवेदन क्रमांक एवं अपनी जन्मतिथि कियोस्क संचालक को बताना होगा इसके उपरांत कियोस्क संचालक Pay for unpaid application में उक्त जानकारियां भरकर फार्म ओपन कर लेगा। इसके उपरांत Proceed to payment बटन दबाकर परीक्षा शुल्क का भुगतान कर देगा। शुल्क भुगतान प्रक्रिया पूर्ण होने पर कियोस्क संचालक आवेदक को कम्प्यूटराईज्ड रसीद प्रदान करेगा इस रसीद में परीक्षा शुल्क की जानकारी के साथ आवेदक से संबंधित समस्त जानकारी अंकित होगी। आवेदक इस रसीद को संभाल कर रखें। **ऑनलाईन पैमेन्ट करने पर, यदि पैमेन्ट रिजेक्ट हो जाता है तो/पैमेन्ट रसीद**

  **जनरेट नही हो रही तो तत्काल पुनः पैमेन्ट कर रसीद जनरेट कर सुरक्षित रखें। पैमेन्ट के अभाव में आवेदन स्वतः निरस्त हो जावेगा।**

ऐसे आवेदन स्वीकार नही किये जायेगें जिन्हें ऑनलाईन भरने के बाद प्रिन्ट लेकर एम.पी.ऑनलाईन के पास डाक या किसी अन्य माध्यम से भेजा जायेगा। परीक्षा शुल्क के लिए किसी भी प्रकार का बैंक ड्राफ्ट भी स्वीकार नही होगा। ऐसा करने पर इन्हें मान्य न करते हुए निरस्त कर दिया जावेगा और उसकी जिम्मेदारी आवेदक की ही मानी जावेगी।

Dean
Govt Medical College.
Ratlam (M.P)



Scanned with CamScanner

महत्वपूर्ण टीप :—

उपरोक्त तिथियां शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम की आवश्यकता अनुसार परिवर्तित की जा सकती है। यह उम्मीदवारों के हित में है कि वे एम.पी.ऑनलाईन/शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रतलाम की वेबसाईट www.gmcratlam.org का नियमित रूप से अवलोकन करते रहे एवं महत्वपूर्ण सूचनाओं व निर्देशों पर ध्यान देवें। इस संबधं में एम.पी.ऑनलाईन/शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रतलाम की कोई जवाबदारी नही होगी। यदि आवेदक समय–समय पर महाविद्यालय द्वारा जारी महत्वपूर्ण सूचनाओं एवं निर्देशों का अवलोकन करने में असफल होता है तो इसकी दावेदारी मान्य नही की जावेगी। यदि किसी अभ्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरने व निर्धारित शुल्क का भुगतान करने के पश्चात उसके द्वारा की गई त्रुटी सामने आती है तो ऐसे अभ्यार्थी त्रुटी सुधार की अंतिम दिनांक तक संबंधित त्रुटी को एम.पी.ऑनलाईन को प्रत्येक ट्राजेक्शन के लिए निर्धारित शुल्क 50 रू. + जी.एस.टी. जमा कर सुधार कर सकेगें। परन्तु इसके पश्चात् भी यदि अभ्यार्थी द्वारा असत्य या गलत जानकारी ऑनलाईन आवेदन मे दी जाती है तो ऐसी स्थिति मे आवेदक की अभ्यार्थिता निरस्त कर दी जावेगी।

Dean
Govt Medical College.
Ratlam (M.P)

**डॉ जितेन्द्र गुप्ता**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता**
**शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम**



Scanned with CamScanner